सीएफएल बल्ब की सप्लाई कमाया मुनाफा

जनसत्ता संवाददाता

शिमला, 7 फरवरी। प्रदेश में अटल बिजली बचन योजना के सीएफएल बल्ब सप्लाई करने वाली एचपीएल कंपनी ने आर्थिक मंदी के बावजूद 25 फीसद वृद्धि हासिल की है। कंपनी के चेयरमैन ललित सेठ ने यहां पत्रकारों को यह जानकारी दी।

सेठ ने कहा कि उनकी कंपनी तकनीक और क्वालिटी पर खास जोर दे रही है और सन् 2011 तक इसका टर्नओवर एक हजार करोड़ रुपए को पार हो जाने की संभावना है। एचपीएल, जिसकी सोलन के जाबली में भी फैक्टरी है, में कंपनी ने 110 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

सेठ के मुताबिक यह यूनिट आईएसओ 9000 से पंजीकृत हो गई है और देश में कुछ उत्पाद बनाने वाली पहली कंपनी है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी के जाबली यूनिट को कीमा मार्क हासिल हुआ है जिससे यहां बने उत्पाद यूरोप में भी सप्लाई किए जा सकते हैं।

हिमाचल में सीएफएल की सप्लाई को उन्होंने चुनौतीपूर्ण बताया व कहा 70 में से 40 लाख सीएफएल बल्ब उन्हें सप्लाई करने का ठेका मिला था और अगले हफ्ते तक पूरी सप्लाई हो जाएगी।

यह पूछे जाने पर कि हिमाचल की जलवायु और मौसम के हिसाब से उनकी कंपनी के सीएफएल पूरी तरह खरे उतरे हैं या नहीं, उन्होंने कहा कि कोई गंभीर शिकायत नहीं मिली है लेकिन छोटी-मोटी दिक्कतें आनी स्वाभाविक है। सेठ ने कहा कि देश में .85 पावर फैक्टर के बल्ब का उत्पाद करने वाली वह पहली कंपनी है। हालांकि विदेश में अब .9 पावर फैक्टर बल्ब भी बनने लगे हैं।